इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3064

20 दिसम्बर, 2012 को उत्तर के लिए

भिलाई इस्पात संयंत्र का भविष्य

3064. डॉ. भूषण लाल जांगड़े:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भिलाई इस्पात संयंत्र असफलता की ओर अग्रसर है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और यदि नहीं, तो प्रगति दिख क्यों नहीं रही है;

(ग) दिन-प्रतिदिन अधिकारियों और कामगारों की संख्या घटने के क्या कारण हैं और अधिकतर कर्मचारियों को समय से पहले सेवानिवृत्ति दिए जाने के क्या कारण हैं; और

(घ) क्या यह भविष्य में भारत एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (बाल्को) जैसी स्थिति के कगार पर है ?

उत्तर

इस्पात मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)

(क) और (ख): जी, नहीं। भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के सभी एकीकृत इस्पात संयंत्रों में उत्पादन तथा लाभ के क्षेत्र में प्रथम स्थान पर है। अप्रैल से सितंबर, 2012 तक क्रूड इस्पात का उत्पादन 2.59 मिलियन टन हुआ है जो पिछले वर्ष की समान अवधि (सीपीएलवाई) की तुलना में 8 प्रतिशत अधिक है।

(ग) बीएसपी के कर्मचारियों को समय से पूर्व सेवानिवृत्ति नहीं दी जाती है। बीएसपी में, कर्मचारियों को केवल अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने पर ही सेवा से मुक्त किया जाता है जो वर्तमान में 60 वर्ष है। इसके अलावा, पिछले 5 वर्षों के दौरान बीएसपी में 2184 कर्मचारियों की भर्ती की जा चुकी है।

(घ) जी, नहीं।

****